<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 328

05 फरवरी, 2018 को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी)

328. श्रीमती कमला देवी पाटलेः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय खनिज विकास निगम के कुल कारोबार का अस्सी प्रतिशत राजस्व छत्तीसगढ़ राज्य से आता है और लौह अयस्क की प्रमुख खानें छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा जिले में है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या छत्तीसगढ़ सरकार के प्रतिनिधियों को एनएमडीसी के बोर्ड में शामिल किया गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसका क्या कारण है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(घ) क्या एनएमडीसी के कार्यालयों/मुख्यालय को छत्तीसगढ़ में बस्तर जिले में स्थानांतरित (शिफ्ट) करने की कोई मांग सरकार के पास लंबित है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसका क्या कारण है और इस संबंध में सरकार ने क्या कार्रवाई की है और उक्त मांग कब तक पूरा किये जाने की संभावना है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क): जी नहीं, वित्तीय वर्ष 2016-17 में छत्तीसगढ़ राज्य से एनएमडीसी के कारोबार में 65 प्रतिशत राजस्व प्राप्त हुआ था और यह वर्तमान छः महिनों (अप्रैल, 2017 - सितंबर, 2017) में 64 प्रतिशत है। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में स्थित लौह अयस्क खानों के ब्यौरे निम्नवत है:-

खान का नाम	खान का स्थान
बैलाडिला - डिपॉजिट संख्या 14/11 सी	किरन्दुल परिसर
बैलाडिला - डिपॉजिट संख्या 11 बी	
बैलाडिला - डिपॉजिट संख्या 5	बचेली परिसर
बैलाडिला - डिपॉजिट संख्या 10/11 ए	

(ख) और (ग): जी नहीं। भारत सरकार के नीतिगत दिशा-निर्देशों के अनुसार एनएमडीसी के बोर्ड में नियुक्ति की जाती है।

(घ): जी नहीं।

(ङ): उपरोक्त (घ) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

****